प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

**6 अगस्त 2026**

**भारतीय रिज़र्व बैंक ने एनबीएफसी के लिए स्केल आधारित विनियमन के अंतर्गत अपर लेयर (एनबीएफ़सी-यूएल) में शामिल एनबीएफसी की सूची जारी की**

भारतीय रिज़र्व बैंक ने आज 31 मार्च 2026 के वित्तीय आंकड़ों के संदर्भ में, वर्ष 2026-27 के लिए एनबीएफसी संबंधी स्केल आधारित विनियमन के अंतर्गत अपर लेयर में शामिल एनबीएफसी की सूची की घोषणा की है।

2. रिज़र्व बैंक ने एनबीएफ़सी के लिए स्केल आधारित विनियमन के अंतर्गत विनियामकीय ढांचा जारी किया है, जो भारतीय रिज़र्व बैंक (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां - पंजीकरण, छूट और स्केल आधारित विनियमन के लिए रूपरेखा) निदेश, 2025 (जिसे आगे 'रूपरेखा' कहा गया है) में निहित है। यह रूपरेखा, एनबीएफ़सी को बेस लेयर (एनबीएफ़सी-बीएल), मिडिल लेयर (एनबीएफ़सी-एमएल), अपर लेयर (एनबीएफ़सी-यूएल) और टॉप लेयर (एनबीएफ़सी-टीएल) में वर्गीकृत करता है और अपर लेयर में एनबीएफ़सी की पहचान करने के लिए मानदंड निर्धारित करता है। 2025-26 के दौरान एनबीएफसी-यूएल  की पहचान हेतु मानदंडों की समीक्षा की गई थी, और इसीलिए वर्ष 2025-26 के लिए एनबीएफसी-यूएल की सूची जारी नहीं की गई थी। संशोधित मानदंडों के जारी होने के पश्चात, वर्ष 2026-27 के लिए एनबीएफसी-यूएल की सूची संशोधित मानदंडों के आधार पर तैयार की गई है।

3. तदनुसार, 2026-27 के लिए एनबीएफसी-यूएल की सूची निम्नवत है:

| क्रम सं. | एनबीएफ़सी का नाम | एनबीएफसी की श्रेणी |
|---|---|---|
| 1 | आरईसी लिमिटेड | अवसंरचना वित्त कंपनी |
| 2 | पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड | अवसंरचना वित्त कंपनी |
| 3 | इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड | अवसंरचना वित्त कंपनी |
| 4 | बजाज फाइनेंस लिमिटेड | जमाराशि स्वीकार करने वाली एनबीएफसी-आईसीसी |
| 5 | श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड | जमाराशि स्वीकार करने वाली एनबीएफसी-आईसीसी |
| 6 | एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड | जमाराशि स्वीकार करने वाली एचएफ़सी |
| 7 | चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड | जमाराशि स्वीकार न करने वाली एनबीएफसी-आईसीसी |
| 8 | टाटा कैपिटल लिमिटेड | जमाराशि स्वीकार न करने वाली एनबीएफसी-आईसीसी |

| क्रम सं. | एनबीएफ़सी का नाम | एनबीएफसी की श्रेणी |
|---|---|---|
| 9 | टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड[1] | मूल निवेश कंपनी |
| 10 | मुथूट फाइनेंस लिमिटेड | जमाराशि स्वीकार न करने वाली एनबीएफसी-आईसीसी |
| 11 | आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड | जमाराशि स्वीकार न करने वाली एनबीएफसी-आईसीसी |
| 12 | हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड | अवसंरचना वित्त कंपनी |
| 13 | महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड | जमाराशि स्वीकार करने वाली एनबीएफसी-आईसीसी |
| 14 | एल एंड टी फाइनेंस लिमिटेड | जमाराशि स्वीकार न करने वाली एनबीएफसी-आईसीसी |
| 15 | बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड | जमाराशि स्वीकार न करने वाली एनबीएफसी-आईसीसी |
| 16 | एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड | जमाराशि स्वीकार न करने वाली एनबीएफसी-आईसीसी |
| 17 | पिरामल फाइनेंस लिमिटेड | जमाराशि स्वीकार न करने वाली एनबीएफसी-आईसीसी |
| एनबीएफसी-आईसीसी: गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-निवेश और ऋण कंपनी;<br>एचएफसी: आवास वित्त कंपनी | | |

4. इसके अतिरिक्त, इस रूपरेखा के अनुसार, एक बार जब किसी एनबीएफसी को एनबीएफसी-यूएल के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, तो यह इस लेयर में इसके वर्गीकरण से कम से कम पाँच वर्ष की अवधि के लिए बढ़ी हुई विनियामक अपेक्षाओं के अधीन होगा, भले ही यह अगले वर्ष/ वर्षों में मानदंडों को पूरा न करता हो। तदनुसार, वे एनबीएफ़सी जिन्हें पिछली अभ्यासों में एनबीएफ़सी-यूएल के रूप में पहचाना गया था, लेकिन जो वर्तमान अभ्यास में मानदंडों को पूरा नहीं करती हैं, वे एनबीएफ़सी-यूएल में बनी रहेंगी और उन पर एनबीएफ़सी-यूएल की बढ़ी हुई विनियामक अपेक्षाएं लागू होंगी।

| क्रम सं. | एनबीएफ़सी का नाम | एनबीएफसी की श्रेणी | पिछली बार एनबीएफ़सी-यूएल के रूप में पहचाना गया |
|---|---|---|---|
| 1 | पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड | जमाराशि स्वीकार करने वाली एचएफ़सी | एनबीएफ़सी-यूएल की 2024-25 की सूची<br>*(दिनांक 16 जनवरी 2025 को जारी प्रेस प्रकाशनी)* |
| 2 | सम्मान कैपिटल लिमिटेड | जमाराशि स्वीकार न करने वाली एनबीएफसी-आईसीसी | एनबीएफ़सी-यूएल की 2024-25 की सूची<br>*(दिनांक 16 जनवरी 2025 को जारी प्रेस प्रकाशनी)* |

**(ब्रिज राज)**

**प्रेस प्रकाशनी: 2026-2027/823** मुख्य महाप्रबंधक

[1] एनबीएफ़सी-यूएल की सूची में टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड को शामिल करने से , उनके विपंजीकरण (डी-रजिस्ट्रेशन) आवेदन, जिसकी जांच अभी की जा रही है, के परिणाम पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।